# सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

## <u>महाविद्यालय में नव आगंतुकों का स्वागत</u>

दिनांक 14 जुलाई को, सेठ आर सी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में बीए एवं बी. कॉम प्रथम सेमेस्टर के नए छात्रों के लिए एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें महाविद्यालय के वातावरण से परिचित कराना था।



कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने नए छात्रों को महाविद्यालय में शामिल होने पर बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ दुर्गा शुक्ला, डॉ आयशा अहमद, श्री मनोज कुशवाहा,



डॉ निधि मिश्रा, डॉ रानी शुक्ला व अन्य प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के नियमों, सुविधाओं और विभिन्न शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों एवं पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।





इसके बाद, प्राध्यापकों ने छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया एवं महाविद्यालय मे शामिल किया ।

यह स्वागत कार्यक्रम नए छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। उन्होंने न केवल महाविद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की, बल्कि अन्य छात्रों और शिक्षकों के साथ भी अपना अनुभव साझा किया।